हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 नवंबर 2024

10 स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टालों से बाल मेले को सजाया

09 पहले दिन जिले के 136 उपार्जन केंद्रो में 1884 ...




श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### तैराकी में गिरधर ने को रजत पदक



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र गिरधर ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। 200 मीटर फ्री स्टाइल तैराकी प्रतियोगिता में गिरधर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में कुल 11 महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। गिरधर की इस उपलब्धि पर राजन दुबे अध्यक्ष शैलदेवी महाविद्यालय एवं महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई दी।

### गाली-गलौज करने पर दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** मंदिर परिसर और पुजारी के साथ गाली गलौज मारपीट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि कोहका स्थित दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में श्रीराम पाण्डेय सालों से पुजारी का काम करते आ रहे हैं। एक महीने से कोहका निवासी रविन्द्र राय, दिनेश राय नामक दोनों युवक शराब के नशे में यहां बैठकर गाली गलौज करते है। पुजारी ने इसे लेकर विरोध भी जताया लेकिन पुजारी के साथ ही उल्टा विवाद कर जान से मारने की धमकी दी। मंदिर समिति के लोगों के समझाने के बाद भी रविन्द्र और दिनेश नहीं सुधरे बल्कि लगातार पुजारी को इसी तरह परेशान करते रहे। मंदिर समिति से जुड़े भाजपा नेताओं ने सीसीटीवी फुटेज के साथ एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला, एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर,स्मृति नगर चौकी प्रभारी वंदिता से शिकायत किया। चौकी में मंगलवार की रात हल्ला मचाने के बाद पुलिस हरकत में आई और दोनों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर युवकों को गिरफ्तार किया।

### मवेशी तस्करी करते दो ट्रक जब्त, पांच गिरफ्तार

**भिलाई।** मवेशी तस्करी मामले में पुलिस ने पांच को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुल 16 मवेशियों को ट्रक से जब्त किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि तमिलनाडु पासिंग की दो ट्रक टीएन 79 ए.जे. 0178 ,टीएन 29 सीडब्ल्यू 7345 को जब्त किया है। आरोपियों में जिला रानीपेट तमिलनाडू एम. जनक राज , जिला धर्मापुरी तमिलनाडू जी. श्रवण , जिला बंगलौर ईस्ट कर्नाटक हरिश बी., थाना हल्लालाहल्ली जिला बंगलौर ईस्ट श्रीनिवास वाय, थाना रूलर जिला कोलार कर्नाटक सैय्यद जहांगीर को पकड़ा गया है। दोनों चालक अपने ट्रक में मवेशियों को भरकर नागपुर कत्लखाने ले जा रहे थे। दो ट्रकों में भरी गाय, बछड़ा, बछिया जब्त किया है। 12 नवंबर की रात पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो ट्रक में मवेशी तस्करी कर कत्लखाना ले जा रहे थे। सुपेला पुलिस ने कोसा नगर टोल प्लाजा राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहन दोनों ट्रक को पकड़ा। आरोपियों से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि 16 मवेशियों को कत्लखाना लेकर जा रहे थे।

कार्यक्रम : मुख्यमंत्री ने कंवर समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख की घोषणा की

# बिरसा मुंडा की वीरता एवं पराक्रम से थर-थर कांपते थे अंग्रेज : सीएम साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले केंद्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जनजाति समाज के चंहुमुखी विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है।

उक्त बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम भाठागांव बी में आयोजित जनजाति गौरव दिवस एवं कंवर समाज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। ▶▶| शेष पेज 09 पर

### भवन के जीर्णोंद्धार के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा

साय ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा अपनी अस्मिता, संस्कृति एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेते हुए मात्र 25 वर्ष की अल्पायु में ही शहीद हो गए थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने ग्राम भाठागांव बी में कंवर समाज द्वारा संचालित हायर सेकंडरी स्कूल का शासकीयकरण करने की कार्यवाही करने तथा इस भवन के जीर्णोंद्धार के लिए 25 लाख रुपए, गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम रेंगाकठेरा में आदिवासी पैंकरा कंवर समाज के सामाजिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए एवं गुण्डरदेही के वार्ड नंबर 10 में राम मंदिर के राम सत्ता स्थल के निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में समाज प्रमुखों के सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कंवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष हरबंश मिरी ने किया।



### विभिन्न राज्यों के कलाकार अपनी कला का करेंगे प्रदर्शन

साय ने कहा कि आज देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी समाज की महिला विराजमान है। इसके अलावा हमारे राज्य के मुखिया की जिम्मेदारी भी एक आदिवासी को सौंपी गई है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा 14 एवं 15 नवंबर को जनजाति सांस्कृतिक महोत्सव के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जहां पर देश के विभिन्न राज्यों के कलाकार अपने उत्कृष्ट एवं कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ राज निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के योगदानों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के योगदानों के फलस्वरूप ही छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हुआ है।


### गांव एवं घरों तक पहुंचाएंगे मूलभूत सुविधाएं

साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाले केंद्र सरकार के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के सर्वांगीण विकास कंवर समाज के सामाजिक भवन प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरुआत कर इसके लिए 47 हजार करोड़ रुपए की राशि की व्यवस्था की गई है। इसके माध्यम से हमारे विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के गांव- एवं घरों तक सड़क, बिजली पानी एवं मूलभूत सुविधा पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा धरती आबा ग्राम उत्कृष्ठ योजना की शुरुआत कर इसके लिए 80 हजार करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। इस योजना के तहत राज्य के 06 हजार 500 गांवों का चयन किया गया है। इसके माध्यम से इन गांवों में मूलभूत सुविधा सुनिश्चित कर इन गांवों का कायाकल्प किया जाएगा।

### विभागों द्वारा लगाए स्टालों का किया अवलोकन

कार्यक्रम स्थल में पहुंचने के पूर्व मुख्यमंत्री साय ने सर्वप्रथम शहीद ठामन सिंह ठाकुर एवं स्व दाऊ गिरधारी सिंह के समाधि स्थल में पहुंचकर उन्हें पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर साय ने कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग, विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, सहित अन्य जनप्रतिनिधियो एवं समाज प्रमुख उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री साय ने भांठागांव बी में धान खरीदी का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज बालोद जिले के प्रवास के दौरान गुण्डरदेही तहसील के ग्राम भांठागांव (बी) धान उपार्जन केन्द्र पहुंचकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के प्रदेश स्तरीय कार्य का शुभारंभ किया। इसी के साथ आज से किसानों का धान बिक्री महोत्सव का आगाज हो गया, जो आगामी 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। मुख्यमंत्री साय ने उपार्जन केन्द्र में इलेक्ट्रॉनिक तौल एवं अन्य यंत्रों का पूजा अर्चना किया।

उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों को राजकीय गमछा व हार पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री के समक्ष ग्राम भांठागांव के किसान भागबली ने कुल 148 क्विंटल और हरिराम ने 65 क्विंटल 20 किलो धान की बिक्री की। मुख्यमंत्री के समक्ष अपने धान की बिक्री का अवसर प्राप्त करने पर किसान भागबली और हरिराम बहुत ही खुश नजर आ रहे थे। उक्त उपार्जन केन्द्र में 14 नवम्बर को धान खरीदी हेतु कुल 06 किसानों का टोकन काटा गया है।

### नवनिर्मित सहकारी बैंक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री साय ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम मोहंदीपाट में 30 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित जिला सेवा सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा मर्यादित दुर्ग के नवीन शाखा का लोकार्पण भी किया। उन्होंने धान बिक्री के लिए पहुंचे किसानों को पौधा वितरण भी किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर गजेंद्र देशमुख, प्रदेश कोषाध्यक्ष जागेश्वर साहू, प्रदेश मिडिया प्रभारी हुकूमचंद साहू, सचिव सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला बालोद बहादुर पिपरिया, जिला सह सचिव सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला बालोद खेमराज साहू, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य टुमेश साहू, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य डाकवर धुर्वे उपस्थित थे।

## संक्रमण से बचाने स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर के मार्गदर्शन में कोविड-19 पेंडेमिक से संबंधित संक्रमण से बचाव और तत्परता सुनिश्चित करने के लिए जिला व खण्ड स्तर पर 12 से 14 नवंबर को जिले के शासकीय चिकित्सालयों में जिला अस्पताल 1, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र 6, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र 30, शासकीय अस्पताल 1 कुल 38 में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पैन इंडिया मॉक ड्रिल में स्वास्थ सुविधाओं की उपलब्धता, आईसोलेशन बेड की क्षमता, ऑक्सीजन युक्त बेड, आईसीयू बेड, वेन्टीलेटर युक्त बेड, डॉक्टरों, स्टॉफ नर्सो, पैरामेडिकल स्टॉफ की उपलब्धता जैसे मापदण्डों को परखा गया। इस दौरान आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित अन्य फ्रन्टलाइन कार्यकर्ताओं की जानकारी ली गई। पैन इंडिया मॉक ड्रिल करने का मुख्य उद्देश्य कोविड-19 पैनडैमिक से संबंधित किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हमारी तैयारियों का पूर्ण आकलन ▶▶| शेष पेज 09 पर

## कॉलेज मैदान पर छात्राओं बीच जमकर हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के लीड कॉलेज घनश्याम सिंह गुप्त स्नाकोत्तर महाविद्यालय के मैदान में छात्राओं के बीच जमरक मारपीट हुई जिसका विडियो सोशल मिडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस कॉलेज में पहले भी दो छात्रों के बीच मारपीट होने का मामला सामने आ चूका है। वहीं आशंका जताई जा रही है कि वीडियो में नजर आ रही कुछ लड़कियां बालोद कॉलेज की छात्र बताई जा रही है तथा अन्य लड़कियों की पहचान लोहारा मे आईटीआई मे पढ़ने वाले छात्राओं के रूप मे की जा रही है, वहीं दोनों गुटों के बीच मारपीट का कारण अज्ञात है, हालांकि पुलिस हस्ताक्षेप के बाद मामला शांत हुआ है।

घटना बीते बुधवार दोपहर का बताया जा रहा है, जिसे कॉलेज में



पढ़ने वाले छात्रों के द्वारा ही बनाया गया था। वहीं वीडियों में लड़कियों के झगड़े में बीच बचाव या शांत कराने लड़के इसलिए सामने नहीं आए कि उन्हें भी लड़कियों के आरोप लगाए जाने का डर था। इस मामले मे कोतवाली थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय ने बताया कि लड़कियां थाने आई थी, लेकिन उनके द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई है।

## आधार सेवा केंद्र के संचालक 18 से हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति ने अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 से 20 नवंबर तक तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया

- आधार सेवा समिति ने 7 सूत्रीय मांगों पर सीईओ चिप्स के नाम सौंपा ज्ञापन

है। इस वजह से जिले में 18 नवंबर से सभी आधार सेवा केंद्र के संचालक हड़ताल करने वाले हैं।

गुरुवार को आधार सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टोरेट पहुंच कर सीईओ चिप्स के नाम ज्ञापन दिया गया। समिति के जिलाध्यक्ष लेवेंद्र साहू ने बताया कि विगत कई दिनों से छ.ग के समस्त ऑपरेटरों द्वारा चिप्स सीईओ से मिलकर ऑपरेटरों से जुड़े समस्याओं से अवगत कराने का प्रयास किया गया, परन्तु चिप्स सीईओ से ना तो मुलाकात हुई ना तो हमारे पत्रचार पर कोई सुनवाई हुई,



इसी तारतम्य में मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, विधान सभा अध्यक्ष से भी मुलाकात की गई। जिसमे भी हमें आश्वाशन के अलावा आज तक कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ।

अपनी समस्याओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ के समस्त जिलो के आधार ऑपरटेर 3 दिवसीय 18, 19 तथा 20 नवम्बर को सांकेतिक हड़ताल में जाने का निर्णय किया गया है, इसके बाद भी परेशानी दूर नहीं होती है, तो धरना स्थल रायपुर पर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर हो जायंगे। अध्यक्ष ने ▶▶| शेष पेज 09 पर

### नये एवं अनिवार्य अपडटे के कमीशन का भुगतान नहीं मिला

आधार में कार्य कर रहे राज्य के समस्त आधार संचालक जिनका नये एवं अनिवार्य अपडटे का कमीशन भुगतान पूर्व में दिसम्बर 2022 तक किया गया था, परन्तु उसके बाद का मुगतान आज तक नहीं किया गया है, चिप्स सीईओ तथा आधार प्रोजेक्ट इंचार्ज को कई बार चिप्स कार्यालय आकर निवदेन ऑपरटेरो द्वारा किया जा चुका है हमारी मांग है कि जल्द भुगतान किया जाये। वर्तमान में सभी आधार संटेर यूआईडीएआई की गाईडलाईन के अनुसार सरकारी परिसर में संचालित है, परन्तु ▶▶| शेष पेज 09 पर

हर घर नल से जल पहुंचाने की शासन की मंशा पर फिरा पानी

# गुण्डरदेही के कई गांवों की पानी टंकी शो पीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

जिले के विकासखंड गुण्डरदेही के कई गांवों में लाखों रुपये की लागत से बनी पानी टंकियां शोपीस साबित हो रही हैं। कहीं बोर खनन की समस्या, तो कहीं ठेकेदार की उदासीनता के कारण घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है।

लोगों ने बताया कि क्षेत्र के विधायक कुंवरसिंह निषाद सहित जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को अपनी समस्या कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताई, लेकिन न अधिकारियों के कदम पड़े न ही नेताओं ने सुध ली। ग्रामीणों ने बताया कि कई हैण्डपंप तो दम तोड़ चुके हैं। आक्रोशित ग्रामीण आये दिन पंचायतों में जाते हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।






### खुरसुनी की गलियों में गंदा पानी, ग्रामीणों की मुसीबत

खुरसुनी में चार वर्ष बीत जाने के बाद भी गांव की गलियों में पाइप लाइन के लिये खोदे गये गड्ढों को भरा नहीं गया है। इससे गलियों में गंदा पानी बहने के कारण नाक बंद करके पानी भरना आदत व मजूबरी बन गई है।

### बोर में पर्याप्त पानी पर टंकी में कनेक्शन नहीं हुआ

ग्राम पंचायत गब्दी की सरपंच संतोषी सिन्हा ने बताया कि पानी टंकी बन चुकी है। गांव में तीन बोर में पर्याप्त पानी भी निकला है, लेकिन पानी टंकी से कनेक्शन नहीं होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल की तकलीफ होती है। कई बार शिकायत करके थक चुके हैं, ठेकेदार फोन रिसीव नहीं करता है।

### काम जारी है शीघ्र मिलेगी राहत

इस संबंध में एसडीओ पीएचई गुण्डरदेही एसआर ठाकुर ने कहा कि कुछ कारणों से पेयजल व्यवस्था का काम चल रहा है। जल्द ही ग्रामीणों को सुविधा का लाभ मिलने लगेगा।

### ग्राम पंचायत बघेली में नहीं हुआ टंकी का श्री गणेश

ग्राम पंचायत बघेली की सरपंच सरिता ठाकुर ने बताया कि कई बार आवेदन व शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, पानी टंकी से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की।

### खुरसुल में बोर खनन करवाए विभाग

ग्राम पंचायत खुरसुल के सरपंच बृजलाल साहू ने कहा कि सिर्फ गांव में पानी टंकी बनी है। बोर खुदाई नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द बोर खनन कराया जाए, ताकि कनेक्शन कर पानी सप्लाई की जा सके। उन्होंने कहा कि कई बार पीएचई विभाग के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है।

## तीन दिन बाद बढ़ेगी ठंड, न्यूनतम तापमान 17 डिग्री

**भिलाई।** नवंबर महीने चलने के बाद भी गुलाबी ठंड का एहसास नहीं हो पा रहा है। सुबह और शाम को ही ठंड पड़ती है। दोपहर को सूर्य की तपिश से गर्मी की स्थिति है। पिछलें साल इस समय तक ठंड अधिक पड़ने लगी थी। इसलिए लोगों को इसका इंतजार है। हालांकि दीवाली और देवउठनी पर्व के बाद तापमान में नमी बढ़ी है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले तीन दिनों के बाद ही तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। इससे ठंड बढेगी। मौसम में बदलाव आने से लोगों के सेहत पर भी प्रभाव पड़ने लगा है। लोगों को सिरदर्द, बदन दर्द, बैचेनी और मिचली आने की शिकायतें हैं। ऐसे मरीजों की संख्या जिला अस्पताल, सुपेला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और निजी क्लीनिकों में बढ़ी है। डॉक्टरों के मुताबिक गर्मी और ठंड के मिलाजुला असर की वजह से ऐसी बीमारी लोगों को घेर रही है।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### एमजीएम स्कूल में साइबर अपराध के लिए कार्यशाला

**रायपुर।** नशा विरोधी अभियान तथा कार्रवाई के लिए पुलिस निजात अभियान चला रही है। इसी कड़ी में सिविल लाइंस सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार ने एमजीएम स्कूल में छात्रों के साथ अन्य स्कूली छात्रों को निजात अभियान का उद्देश्य बताते हुए नशा एवं अपराध से दूर रहकर कड़ी मेहनत से शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढ़ते रहने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, नशा जीवन को अंधकार के कुएं में ले जाता है। सीएसपी केशरी नंदन नायक ने नशा से होने वाले दुष्परिणाम के साथ साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए। आयोजन में विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थी नशा विरोधी विषय पर ड्रॉइंग, नारा एवं निबंध प्रतियोगिता में शामिल हुए। बच्चों को पुलिस अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर एवं मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया।

### ओमाया गार्डन में मनाया दीपावली मिलन



**रायपुर।** उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा वीआईपी रोड स्थित ओमाया गार्डन में गत दिनों दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योगपतियों ने सपरिवार आकर अपनी उपस्थिति दर्ज की और विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस दीपावली पर हम सभी को अपने पर्यावरण की रक्षा और स्वच्छता का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में तंबोला (हॉउजी), म्युजिकल नाईट, लक्की ड्रॉ, फन गेम्स, बच्चों के गेम्स, सभी सदस्यों के लिए गिफ्ट्स और स्वादिष्ट व्यंजनों का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में विनोद कुमार केजरीवाल, विवेक अरोड़ा, नीरज अग्रवाल, अशोक कुमार गोयल, दीपक भीमसरिया, जेपी अग्रवाल आदि शामिल थे।

### ननकाना साहेब में गुरु पर्व मनाने सिक्ख जत्था रवाना

**रायपुर।** गुरुनानक देव जी के जन्मोत्सव मनाने राजधानी से ननकाना साहेब पाकिस्तान सिक्खों का जत्था रवाना हुआ। लखवानी सिंह मुल्तानी के नेतृत्व में यह जत्था अमृतसर के बाघा बार्डर से पाकिस्तान प्रवेश कर 10 दिनों तक ननकाना साहेब, पंजा साहेब, सच्चा सौदा, डेरा साहेब लाहौर, करतारपुर, रोड़ी साहेब के गुरुद्वारों के दर्शन कर 26 नवंबर को रायपुर वापस लौटेगा। तीर्थयात्रा जत्थे का जयघोष के साथ यात्रा की कुशलता के कामना के साथ रवाना किया गया।

### दिल्ली में लोक कलाकार का सम्मान

**रायपुर।** दिल्ली के राजभवन में अंचल के लोककलाकार डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर का दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सम्मान किया। कार्यक्रम में लोककला सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति देकर आमंत्रित जनों को भावविभोर कर दिया।

# एमडी-एमएस एडमिशन, तीन साल के नियमित डाक्टरों को बोनस अंक, बांडेड को छूट नहीं

## पंजीयन का काम पूरा, मेडिकल पीजी में 22 से 28 नवंबर तक पहले दौर का एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पंजीयन का काम पूरा होने के बाद चिकित्सा विभाग द्वारा एमडी-एमएस के प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। राज्य की 281 सीटों पर पहले दौर का प्रवेश 22 से 28 नवंबर के बीच होगा। इस बीच प्रवेश लेने वाले अनुसूचित क्षेत्रों के तीन साल के नियमित डाक्टरों को बोनस अंक देने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। दो साल की अनुबंध सेवा देने वाले विद्यार्थियों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है।

जानकारी अनुसार राज्य में नौ मेडिकल कालेज में पीजी की सीटों पर एडमिशन होगा। पंजीयन के बाद मेरिट लिस्ट तैयार करने सीटों का आवंटन तथा एडमिशन प्रक्रिया पूरी करने में चिकित्सा शिक्षा विभाग जुटा हुआ है। एडमिशन की पूरी प्रक्रिया 29 जनवरी तक पूरी किए जाने का संभावित शेड्यूल जारी किया गया है। नियम के मुताबिक पीजी प्रवेश में अनुसूचित क्षेत्रों के सीएचएसी, पीएससी में लगातार तीन साल सेवा देने वाले नियमित और संविदा डाक्टरों को तीस फीसदी अंक बोनस के रूप में दिए जाने का नियम है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन ने चिकित्सा शिक्षा संचालक को ज्ञापन देकर उन्हीं इलाकों में दो साल की अनुबंध सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारियों की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। डाक्टरों का कहना है कि बांडेड डाक्टर उसी तरीके की ड्यूटी करते हैं, मगर उनके लिए बोनस अंक का प्रावधान नहीं है, जबकि उन्हें भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

### तीन साल का आय प्रमाण पत्र, विकल्प की मांग

एडमिशन की प्रक्रिया के दौरान ओबीसी वर्ग के छात्रों से तीन साल का आय प्रमाणपत्र दिए जाने की मांग की जा रही है। डाक्टरों का कहना है कि सर्टिफिकेट बनाने की प्रक्रिया ऑनलाइन होती है इसलिए बैक डेट में सर्टिफिकेट तैयार नहीं किया जा सकता। इस नियम में बदलाव कर दो साल का सर्टिफिकेट जैसा विकल्प दिए जाने की डिमांड भी डीएमई से की गई है।



### जमीन बंधक रख आठ ने मांगी एनओसी

पीजी एडमिशन के लिए दो साल की बांड ड्यूटी करने वाले आठ चिकित्सा अधिकारियों ने 25 लाख प्रापर्टी के कागजात अथवा एफडी के कागज बंधकर रखकर संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं से पढ़ाई शुरू करने के लिए अनुमति मांगी है। इनमें चार ने जमीन और चार ने बैंक की एफडी के कागज अपने शपथ पत्र के साथ प्रस्तुत किया है। ग्रामीण सेवा में अनुबंध का करार का पालन करने के लिए यह नियम बनाया गया है।

**प्रवचन :** संत द्वय के प्रवास पूर्ण होने पहले गुणानुवाद सभा का आयोजन

# बालोद के श्रावक-श्राविकाएं सहजता विद्वता, कर्मठता में अनुमोदनीय


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

संत द्वय ऋषभ सागर मसा एवं रिजु प्रज्ञ सागर महाराज 20 जुलाई से 15 नवंबर तक वर्षावास में प्रवास कर रहे का प्रवास कल पूर्ण होने से एक दिन पूर्व गुणानुवाद सभा आयोजित की गई। चातुर्मास काल में संतों के सानिध्य में प्रभु भक्ति, आराधना एवं तपस्या के माध्यम से अपने कर्मों का क्षय करते हुए आत्मा को निर्मल बनाने का प्रयास आराधकों के द्वारा किया गया। चार माह में प्रवचन के माध्यम से जीवन को कैसे सुख शांतिपूर्ण ढंग से जीना, धर्म और परमात्मा से जुड़कर आत्मा का किस तरह से कल्याण करना की सीख दी गई।

संत द्वय ने इस चातुर्मास के गुणानुवाद सभा में कहा कि यहां के श्रावक श्राविकाएं सहजता, विद्वता, कर्मठता में अनुमोदनीय है, इन चार माह में हमारे द्वारा मन से वचन से काया से जाने अनजाने में किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय बात हुई हो तो बारंबार मिच्छामी दुक्कडम करते हैं। इस अवसर पर गुणानुवाद सभा में श्री संघ अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप जैन ने कहा कि संत द्वय के सानिध्य का लाभ हमारे संघ को मिला। संघ के किसी भी सदस्य द्वारा आप संतों के प्रति कोई अविनय आशातना हुई हो तो मिच्छामी दुक्कडम करते हैं, क्षमा याचना करते हैं। चातुर्मास के विभिन्न आयोजनों को सफल बनाने में जिन सदस्यों ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान किया उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही कार्यरत कर्मचारियों के प्रति भी धन्यवाद एवम आभार ज्ञापित किया।

**चातुर्मास काल में संतों के सानिध्य में आत्मा को निर्मल बनाने हुआ प्रयास**





### संघ हुआ उपकृत

श्री संभवनाथ जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष बाबूलाल ढेलड़िया, सचिव रूपचंद गोलछा एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष मुकेश भन्साली ने गुरु द्वय के सानिध्य को अपना सौभाग्य तथा प्रवचन को अमृतवाणी बताते हुए कहा कि आपके सानिध्य में हमारा संघ उपकृत हुआ है। संघ के सदस्यों एवं पदाधिकारियों से आपकी भावनाओं को किसी तरह से ठेस लगी हो तो क्षमा याचना करते हैं। इस अवसर पर वक्ता के रूप में प्रकाश भन्साली, अरुण बाफना, यश मालू, मोनू ढेलडिया, समकित सांखला, श्रेयांस भन्साली, रंजना भन्साली, कुसुम नाहटा ने अपने भावपूर्ण विचार रखे, इस बिदाई समारोह में कई बार लोगों की आंखे नाम हुई। कार्यक्रम का संचालन त्रिशला चौरड़िया ने किया। महिला मंडल के सदस्यों ने उनके योगदान के लिए उन्हें सम्मानित किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वयोवृद्ध सदस्य सूरज देवी चौरड़िया का भी सम्मान किया गया। इस आयेजन में संघ के भिखमचंद गोलछा, गुलाब नाहटा, स्वरूप गोलछा, राजकुमार गोलछा, ताराचंद सांखला, ओमप्रकाश भन्साली, विनोद गोलछा, संतोष गोलछा, संतोष नवलखा, विकास भंसाली, विजय डूंगरवाल, अजय डूंगरवाल संतोष मालू, जयचंद श्रीश्रीमाल, संजय ढेलडिया, लक्की लोढ़ा, शांतिलाल भुगड़ी एवं महिलाएं उपस्थित थे।

# 4 लाख से अधिक सदस्यों का ई-केवाइसी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ई-केवाइसी नहीं कराने वाले राशन कार्ड सदस्यों का दिसंबर से नाम कटना शुरू हो जाएगा। इसे देखते हुए खाद्य विभाग अब राशन दुकानों में पंजीकृत कार्डों के सदस्यों द्वारा कितना प्रतिशत ईकेवाइसी कराया गया है, इसका रिकॉर्ड खंगाल रहा है। इसके तहत जिन राशन दुकानों में पंजीकृत सदस्यों का 80 प्रतिशत से कम केवाइसी हुआ है, उनके संचालकों से विभाग द्वारा नोटिस जारी कर जवाब मांगा जा रहा है। इस नोटिस पर संचालकों को जानकारी देनी होगी कि आखिर वे कौन से कारण हैं, जिससे पंजीकृत सदस्यों ने केवाइसी नहीं कराया है, क्योंकि विभाग में ऐसी भी शिकायतें मिल चुकी हैं कि राशन दुकान संचालकों द्वारा ही केवाइसी करने में आनाकानी या लापरवाही बरती गई है, जिससे कई सदस्यों का केवाइसी नहीं हो पाया है। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर संबंधित दुकान के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

फरवरी 2023 से प्रदेशभर में राशन कार्ड सदस्यों का ई-केवाइसी किया जा रहा है। यह कार्य अब तक जारी है। इसके बाद भी रायपुर जिले में 4 लाख 31 हजार 138 सदस्यों का अब तक केवाइसी नहीं हुआ है। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिनका केवाइसी नहीं हुआ है, उनका नाम दिसंबर से राशन कार्ड से कटना शुरू हो जाएगा। इसके बाद इन सदस्यों को राशन नहीं मिल पाएगा। राज्य सरकार की मंशा है कि पात्र किसी भी सदस्य का नाम किसी भी तकनीकी कारण या लापरवाही से राशन कार्ड से नहीं कटे। इसे देखते हुए विभाग भी पूरा जोर लगा रहा है कि छूटे एवं बचे सदस्यों का भी केवाइसी हो जाए। इस मंशा से विभाग द्वारा राशन दुकानों पर सख्ती करना शुरू कर दिया गया है, क्योंकि केवाइसी की जिम्मेदारी राशन दुकानों को दी गई है। ऐसे में लाखों सदस्यों का केवाइसी का नहीं होना कहीं न कहीं राशन दुकानों की लापरवाही की ओर भी इशारा कर रहा है। यही कारण है कि विभाग भी जहां केवाइसी का प्रतिशत कम है, उन दुकानों को नोटिस जारी कर जवाब मांग रहा है।

### रायपुर केवाइसी में पिछड़ा एक को नोटिस जारी

जिले में रायपुर केवाइसी में सबसे पीछे है। रायपुर में 238 राशन दुकानें हैं। इनमें करीब 20 से 25 प्रतिशत दुकानों में ही 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों का केवाइसी हुआ है, जबकि शेष दुकानों में 80 प्रतिशत से कम केवाइसी हुआ है। जिन दुकानों में 80 प्रतिशत से कम केवाइसी हुआ है, उनमें भी 3-4 दुकानें ऐसी हैं जहां केवाइसी 60 प्रतिशत से भी कम है। विभाग ने कम केवाइसी का प्रतिशत वाली दुकानों को नोटिस देने की शुरुआत कर दी है। इसके तहत दुकान आईडी क्रमांक 441001276 के संचालक को छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 की कंडिका-15 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# दोस्त का फेक डीपी लगाकर कारोबारी से पांच लाख रुपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सिविल लाइंस थाना में एक कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ अपने दोस्त का फेक डीपी लगाकर पांच लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी द्वारा अपने दोस्त से वापस पैसे मांगे जाने पर ठगी का खुलासा हुआ। कारोबारी के साथ दिल्ली के जालसाज ने ठगी की है।पुलिस के मुताबिक सुन्नी जुमनानी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सुन्नी ने पुलिस को बताया है कि वह सोलर पैनल का काम करता है। पुनीत परवानी उसके भाई बंटी का दोस्त है। स

न्नी के अनुसार उसके भाई के पास आठ नवंबर को एकँ वाट्सएप कॉल आया। वाट्सएप कॉल की डीपी में पुनीत का फोटा लगा था। कॉल करने वाले ने दिल्ली में जरूरी काम होने का झांसा देकर पांच लाख रुपए की मांग की। बंटी को लगा कि पुनीत को दिल्ली में पैसों की जरूरत होगी। इसके बाद बंटी ने कॉल करने वाले को चांदनी चौक के एक कारोबारी से पैसे दिलवाए। पुलिस के अनुसार जालसाज सोशल मीडिया से लेकर सभी जगह सक्रिय होकर ठगी के लिए नए शिकार तलाशते हैं। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि कोई अज्ञात जालसाज बंटी के किसी सोशल मीडिया ग्रुप में फेक आईडी से दोस्ती कर बंटी के परिचित के साथ दोस्तों की जानकारी हासिल की होगी। जानकारी हासिल करने के बाद जालसाज ने पुनीत की फोटो निकालकर अपने मोबाइल की डीपी लगाकर बंटी को कॉल कर ठगी का शिकार बनाया।

# निलंबन की पहली सूची में शामिल दूसरी लिस्ट आते ही कट गया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जीएमएसी रायपुर में रैगिंग का मामला निलंबन के बाद ठंडा हो गया है, मगर दस दिन के लिए निलंबित एक छात्र का नाम दूसरी सूची से गायब होने की वजह से कई तरह के सवाल उठने लगे हैं। कालेज में हुई उच्च स्तर की बैठक में घटना में दो के बजाए पांच के शामिल होने की पुष्टि कर एक माह निलंबन की कार्रवाई की गई है। इसमें से पुरानी कार्रवाई की चपेट में आए एक छात्र को बाहर किया गया है। जानकारी के अनुसार चार अक्टूबर को रैगिंग के आरोप में अंशु जोशी और दीपराज वर्मा को दस दिन के लिए कक्षा और क्लीनिकल कार्यों से बाहर किया गया था। इस कार्रवाई पर बवाल हुआ, तो दूसरे दिन पुनः कालेज प्रबंधन की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें पांच छात्रों को एक-एक माह के लिए निलंबित किया गया था। जिन छात्रों पर कार्रवाई की गई, उनकी सूची जारी होने के बाद एक फिर सवाल खड़े किए गए हैं। पांच छात्रों में दीपराज वर्मा का नाम है शामिल नहीं किया गया है। इस बारे में कालेज प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि दूसरी बार जब वृहद स्तर पर एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई और प्रभावित विद्यार्थियों से बयान लिए गए, तो दीपराज का नाम नहीं आया था। इस स्पष्टीकरण के बाद पहले दौर में हुई कार्रवाई पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

### डाक अदालत 21 को

**रायपुर।** प्रवर अधीक्षक डाकघर रायपुर संभाग द्वारा 21 नवंबर को डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्टेशन रोड स्थित कार्यालय में सुबह 11 बजे प्रारंभ होगा।

# छात्रा को घसीटने वाले ऑटो की सीसीटीवी से शिनाख्त की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर फार्मेसी छात्रा का पैर जिस ऑटो में फंसकर कटा था, पुलिस उस ऑटो वाले की शिनाख्ती की कोशिश करने की बात कह रही है। घटना के बाद पुलिस को सीसीटीवी फूटेज में चार से पांच संदिग्ध ऑटो के फूटेज मिले हैं। सीटीवी फूटेज में दिख रहे ऑटो में से किस ऑटो ने युवती की एक्सीडेंट किया है। पुलिस उस ऑटो को वेरिफाई करने के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।



रविवि के सामने दर्दनाक हादसा, फार्मेसी छात्रा को आटो ने दूर तक घसीटा, कट गया दाहिना पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आटो वाले की लापरवाही का खामियाजा जीवनभर भुगतेगी छात्रा

आटो वाले की लापरवाही का खामियाजा फार्मेसी का छात्रा को अपना पैर देकर चुकाना पड़ेगा। रविवि के सामने दोपहर छात्रा को मोपेड को टक्कर मारकर आटो ने उसे दूर तक घसीटा, जिससे छात्रा का दाहिना पैर कटकर अलग हो गया। सरस्वती नगर थाने की पुलिस खून से लथपथ 21 साल की छात्रा और उसका कटा पैर लेकर एम्स पहुंची, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना दोपहर डेढ़ बजे के आसपास की है। उस वक्त रविवि के सामने काफी संख्या में वाहनों की आवाजाही हो रही थी। संतोषी नगर में रहने वाली 21 साल की प्रियंका प्रजापति अपनी सहेली पूजा के साथ मोपेड पर अपने रॉयल फार्मेसी कालेज से समोसा खाने के लिए विश्वविद्यालय के सामने स्थित होटल जा रही थी। बताया जाता है कि पीछे से तूफानी रफ्तार में आ रहे नीले रंग के आटो ने उनकी मोपेड को ठोकर मारी। पूजा गाड़ी सहित गिर पड़ी और पीछे बैठी प्रियंका का पैर आटो में फंस गया। वह चीखती-चिल्लाती रही, मगर चालक ने आटो रोकने के ▶▶शेष पेज 14 पर

■ खून से लथपथ छात्रा और कटे पैर लेकर एम्स पहुंची पुलिस टीम

तलाश जारी है

ई-आटो होने की आशंका

गौरतलब है कि मंगलवार दोपहर सहेली के साथ नाश्ता करने जा रही संतोषी नगर निवासी प्रियंका प्रजापति ऑटो में फंसकर दूर तक घिसटती चली गई। इस दौरान युवती का पैर ऑटो में फंसकर कट गया, जिसे डॉक्टरों ने पुनः जोड़ने में असमर्थता जताई है। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। घटना के समय आसपास उपस्थित लोग ऑटो का नंबर नोट नहीं कर पाए, इस वजह से ऑटो वाले की पहचान करने पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शी पुलिस को केवल ऑटो का कलर बता पाए हैं। लोगों द्वारा बताए कलर के आधार पर पुलिस सीसीटीवी में दिखे ऑटो की पहचान का प्रयास करने की बात कह रही है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला - बालोद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ई कोर्ट नं. ..........
ग्राम पाररास
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री त्रिलोकीनाथ साहू पिता श्री चंद्रकुमार निवासी ग्राम बागतराई तहसील गुरूर जिला बालोद द्वारा ग्राम पाररास प.ह.नं. 30 स्थित भूमि खसरा नं. 698/16 रकबा 0.0214 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.0214 हे. को गैर कृषि प्रयोजनार्थ- आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, रजिस्ट्री बैनामा ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति का अभिमत सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 21.11.2024 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुदा से आज दिनांक 06.11.2024 को जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद जिला बालोद**

Gomti THRESHERS किसान की पसंद
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर बुकिंग प्रारंभ
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# पहले दिन जिले के 136 उपार्जन केंद्रो में 1884 किसानों ने 64 हजार 50 क्विंटल धान बेचा

**खबर संक्षेप**

## सीईओ ने की मनरेगा एसबीएम की समीक्षा

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के सीईओ द्वारा विगत दिवस 11 नवम्बर को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने मनरेगा एवं एसबीएम की समीक्षा की। सीईओ ने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत भारत सरकार के स्पष्ट निर्देश के तहत मनरेगा के नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट टैंक, मछली पालन तालाब एवं डबरी निर्माण, कच्ची- पक्की नाली, नाला निर्माण, कुआं, पशु आश्रय शेड, बायो गैस प्लांट, वृक्षारोपण कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। कचरा कलेक्शन कर वसूली आवश्यक है क्योंकि स्वच्छताग्राही बहनों द्वारा कचरा कलेक्शन सप्ताह में 3 दिन किया जाना है जिसके लिए पंचायत के सरपंच, सचिव एवं कर निगरानी की टीम बनाई जाए तथा कर वसूली पर विशेष ध्यान दिया जाए। शौचालयों के रख-रखाव के लिए रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ के माध्यम से लगातार जानकारी देने कहा।

**धान खरीदी**

## सबसे ज्यादा गुरुर ब्लॉक के मरकाटोला खरीदी केंद्र में किसानों ने अपना धान बेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में 122 समितियों के माध्यम से 143 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किसानों का धान समर्थन मूल्यों में खरीदी कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया। जहां किसानों के द्वारा अपनी मेहनत से उत्पादित कि गईं फसलों को बेचने का कार्य शुरू हो गया है, जिसके लिए किसानों को 31 जनवरी तक का समय प्रशासन द्वारा प्राप्त है। धान खरीदी के पहले ही दिन जिले के 136 उपार्जन केन्द्रो में 1884 किसानों ने कुल 64 हजार 50 क्विंटल धान बेचा गया है। सात केन्द्रों में खरीदी प्रारंभ नहीं हुई।

हालांकि सबसे ज्यादा गुरुर ब्लॉक के मरकाटोला खरीदी केंद्र में किसानों ने अपना धान बेचा है, इस खरीदी केंद्र में 48 किसानों का टोकन जारी किया गया था, जहां 2192 क्विंटल 40 किलो धान की खरीदी समर्थन मूल्यों में की गई है। वहीं सबसे कम हर्राठेमा सोसायटी में एक किसान से 19 क्विंटल 60 किलो धान कि खरीदी की गई है हालांकि इस तरह अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में धान कि खरीदी शुरुआत एक दो किसानों से धान खरीदी कर की गईं है। धान खरीदी के शुभारम्भ के बाद भी अब तीन दिनों तक धान खरीदी का कार्य बंद रहेगा, क्योंकि शुक्रवार से रविवार तक शासकीय अवकाश घोषित है, इसलिए किसानो को धान बेचने के लिए तीन दिन फिर इंतजार करना पड़ेगा। नोडल अधिकारी सीआर रावटे ने बताया कि उपार्जन केन्द्रो के माध्यम से धान बेचने वाले किसानों के खाते मे दो से तीन दिनों मे पैसा उनके खातों मे आ जाएगा।



## पाररास में धान खरीदी का शुभारंभ

**बालोद।** जिले में गुरुवार को समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू की गई। सेवा सहकारी समिति पाररास में जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने पूजा अर्चना कर इसका विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा मोदी की गारंटी के तहत राज्य की विष्णु देव साय सरकार ने बोहनी के लिए जिले में 2842 किसानों को टोकन मिला, पहले दिन 1.18 लाख क्विंटल की खरीदी होगी, जिले में कुल 1 लाख 54 हजार 146 किसानों ने समर्थन मुल्य पर धान बेचने अपना पंजीयन कराया है, इस वर्ष जिले के किसानों ने 1 लाख 64 हजार 131.21 हेक्टेयर रकबा में धान की फसल लगाई है, बालोद जिला बनने के बाद पहली बार इतिहास में 80 लाख क्विंटल से अधिक की धान खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा धान बेचने में किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी और धान खरीदी सुचारू रूप से होगी। इस खरीफ वर्ष में 2024–25 में 82 लाख 66 हजार 170 क्विंटल खरीदी का लक्ष्य रखा है, जो बीते वर्ष की अपेक्षा साढ़े 7 लाख क्विंटल ज्यादा है। 21 क्विंटल धान 3100 रुपए की दर पर खरीदी की घोषणा की गई थी और उसे क्रियान्वित करने आज से धान खरीदी हो



रही है। इस दौरान केन्द्रीय सहकारी बैंक के पूर्व संचालक चंद्रिका देशमुख, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति दुर्जन सिंह साहू, निगरानी समिति सदस्य सरपंच हिरौंदी साहू, चंद्रशेखर साहू, रोहित सागर, छगन साहू, दशरथ कलिहारी, उत्तम साहू, समिति प्रबंधक जगत राम साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रूपेश साहू, कर्मचारी भेष यादव, छन्नू लाल साहू, समेत किसान उपस्थित थे।



## पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई धान खरीदी



**डौंडीलोहारा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डौंडीलोहारा में शासन के निर्देशानुसार 14 नवंबर गुरुवार से धान खरीदी प्रारंभ हुई। विभिन्न मांगों को लेकर सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे। मांग पूरी होने के बाद काम पर लौटते ही आनन फानन में खरीदी प्रारंभ हुई। पहले दिन कुल 10 किसानों से धान खरीदी कर बोहनी की गई। खरीदी के पूर्व नये इलेक्ट्रॉनिक कांटा के साथ भगवान बलराम व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की गई। अतिथि के रूप में पूर्णिमा देवी टेकाम, टेकराम पटेल, रेमन सिंह अटल, आत्माराम खरे, तुकाराम सिंन्हा, रामस्वरूप साहू, इंद्र कुमार, पुनीतराम सोनकली तथा कर्मचारियों में बिंदा सोनकर बाल किशोर यादव, बलवीर सिंह ठाकुर, तुलसीराम यादव, वाल्मिकी ठाकुर व गजेंद्र रजक उपस्थित थे। किसानों में रतिराम अंडी, सुंदर लाल लोहारा, भूषण कुमार गुरामी, छोटू राम गुरामी, जनक लाल अंडी, बुद्धू राम कसही, पवन कुमार करियागोंदी, निर्मलाबाई गुरामी, यशवंत कसही, माधो लाल लोहारा से 362 क्विंटल धान खरीदी की गई।




## पहले दिन 650 क्विंटल से अधिक की हुई धान खरीदी




**जामगांव आर।** सोसायटियों में 14 नवम्बर से धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सोसायटी में एक ओर युवा किसान नजर आए, वहीं दूसरी ओर 80 प्लस उम्र के किसानों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

भाजपा ने सोसायटी अध्यक्ष की घोषणा तो अभी तक नहीं की, किंतु अध्यक्ष बनने की लाइन में चर्चित नेता अवश्य पहुंचे। इन नेताओं में उत्साह तो कॉपुर था, लेकिन उपस्थिति सबके नजर में सकारात्मक संदेश देती रही। सोसायटियों में धान खरीदी के अवसर पर एक-दूसरे के राजनीति विरोधी भाजपा कांग्रेस नेता स्वर मिलाकर जय किसान जय जवान, भारत माता का जयकारा लगाते दिखे। सोसायटी में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करने वाले भगवान सिंह चंद्राकर जामगांव आर सोसायटी में कमलेश साहू बटरेल सोसायटी में, राजेश बंछोर भरर सोसायटी उदघाटन में विशेष रूप से उपस्थित रहे। उदघाटन दिवस पर सोसायटी जामगांव आर में 1980 क्विंटल, सोसायटी बटरेल में 2061 क्विंटल, सोसायटी भरर में 1682 क्विंटल और सोसायटी कुम्हली में 1200 क्विंटल धान खरीदी की जानकारी मिली है। जामगांव आर और कुम्हली सोसायटी के उद्घाटन पर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक संतराम सेन की उपस्थिति रही।

### भरर सोसायटी का मामला सुलझा, हुआ उद्घाटन

भरर सोसायटी में अधिकारी राज के तहत गलत ढंग से किए गए तौल ठेका पर भाजपा नेताओं ने विरोध किया। विरोध के स्वर को भांपकर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक संतराम सेन ने नेताओं के मंशानुरूप न्यायोचित ढंग से पुनः ठेका पद्धति जारी कर मामला निपटाया और शांति पूर्ण वातावरण में उद्घाटन गुरुवार को हुआ।

## पेज 9 के शेष

### बिरसा मुंडा की वीरता एवं पराक्रम ...

इस अवसर पर उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के अंग्रेजी हुकूमत के प्रति विद्रोह एवं शौर्य का उल्लेख करते हुए उनके पराक्रम को अनुपम एवं अद्वितीय बताया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के वीरता एवं पराक्रम से अंग्रेज थर-थर कांपते थे। इस अवसर पर साय ने भगवान बिरसा मुंडा एवं संत गहिरा गुरु को नमन करते हुए कहा कि स्वाधीनता संग्राम के साथ राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में जनजाति समाज के विभूतियों का महत्वपूर्ण योगदान है। साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे देश एवं दुनिया के साथ भावी पीढ़ी को जनजाति समाज एवं जनजाति नायकों के राष्ट्र के प्रति योगदान एवं उनके गौरव गाथा का बोध कराने जनजाति गौरव समाज के वृहद एवं भव्य कार्यक्रम की अभिनव शुरुआत की गई है।

### संक्रमण से बचाने स्वास्थ्य ...

करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सूर्यवंशी ने पैन इंडिया कोविड-19 मॉक ड्रिल के दौरान शासकीय चिकित्सलयों में संभावित लक्षणयुक्त मरीजों का कोविड-19 टेस्टिंग किये जाने हेतु निर्देश दिये गए तथा आमजन मानस को कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की गई।

### आधार सेवा केंद्र के ...

बताया कि छत्तीसगढ़ में लगभग 2000 से अधिक आधार ऑपरटेर चिप्स एजेंसी के अंतर्गत विगत 7 से अधिक वर्षों से लगातार आधार पंजीयन एवं अपडशेन के कार्य में सेवा दे रहे है, साथ ही समय–समय पर शासन एवं यूआईडीएआई के दिये गये गाईडलाईन एवं निर्देशों का पालन कर रहे है। वर्तमान यूआईडीएआई ने आधार कन्द्र को लेकर नये गाईडलाईन जारी किये हैं, जिसके अनुसार पुरे राज्य के आधार कन्द्रों को इन हाउस मॉडल में शिफ्ट किया जा रहा है। जिसमें गाईडलाईन के अनुसार आधार केन्द्रों में आधार किट एजेंसी चिप्स के द्वारा आधार कन्द्रों को मुहैया कराई जायेगी। परंतु वर्तमान में चिप्स एजेंसी के पास ऐसी कोई किट हमारी जानकारी में नहीं है, ऐसी स्थिति में जो चिप्स एजेंसी के अन्दर कार्य कर रहे है। उनका कार्य बंद होने की स्थिति बन रही है, जिससे आधार ऑपरटेर बेरोजगारी की कगार में है। हमारी मांग है कि या तो चिप्स के द्वारा सारे ऑपरटेरो के लिए किट की व्यवस्था की जाए अथवा हमारी किट को ही इन हाउस में लिया जाए।

### नये एवं अनिवार्य ...

हम अपना चॉइस संटेर को छोड़ कर जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं का कार्य करते है, ऐसी जगह के स्थान पर किसी अन्य परिसर में कार्य करने को मजबूर है जिससे हमारी चॉइस सेंटरों के कार्य प्रभावित हो रहे है।



